हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 17 डिग्री

4 छात्राओं को बताया गुड टच-बैड टच और साइबर सुरक्षा का महत्व



**खबर संक्षेप**

### मार्च के शुरुआत से ही बढ़ने लगा पारा

**बैकुण्ठपुर।** इस बार गर्मी का असर मार्च के पहले दिन से ही दिखने लगा, इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि इस वर्ष अप्रैल-मई का महीना जमकर तपेगा ओर लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार 1 मार्च को अधिकतम पारा 33 डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि न्यूनतम तापमान 15 डिग्री तक रहा। जिस तरह से मार्च के शुरूआत में ही अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई, उसे देखते हुए अप्रैल-मई तथा जून में इस बार भीषण गर्मी का सामना करना पडेगा। इस दौरान तापमान 45 डिग्री या इससे भी अधिक चला जाता है। वर्तमान में सुबह के समय हल्की ठंड का असर रहता है और इसी तरह रात्रि के समय में भी अधिक गर्मी नहीं पड़ रही ,लेकिन आने वाले समय में दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी धीरे-धीरे बढ़ने लगेगी, इससे लोगों को गर्मी के असर का सामना करना पड़ेगा। गर्मी की आहट के साथ ही गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों के द्वारा अपने घर के कूलर पंखों की साफ-सफाई करना शुरू कर दिए हैं, वहीं बिगडे पंखों व कूलर को ठीक कराने के लिए मेकेनिक के पास पहुंच रहे हैं। मार्च के महीने में ही गर्मी का तेज असर होना शुरू हो जाएगा, इसके साथ ही लोग गर्मी से राहत पाने के लिए कूलर पंखों का उपयोग करना शुरू कर देंगे।

### ईशा बनीं चार्टर्ड एकाउंटेंट

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर निवासी अतुल गुप्ता की



सुपुत्री ईशा गुप्ता ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसी प्रतिष्ठित उपाधि हासिल कर ली है। चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा देश की सबसे कठिन और प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक मानी जाती है, जिसमें सफलता प्राप्त करने के लिए गहन अध्ययन, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम की आवश्यकता होती है। ईशा गुप्ता ने इन सभी कसौटियों पर खरा उतरते हुए यह साबित कर दिया कि प्रबल इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनके पिता अतुल गुप्ता अपनी सुपुत्री की इस शानदार सफलता पर प्रसन्न हैं।

### स्कूलपारा में खाली जगह को किया गया घेराबंदी



**बैकुण्ठपुर।** शहर के स्कूलपारा में सरकारी डिब्बा क्वाटर वाली जगह जहां पर गर्म कपड़ों की दुकाने लगाई जाती थी, उस स्थल को अब सुरक्षित घेराबंदी कर दी गई, इससे अब उक्त स्थल पर किसी तरह का कोई दुकाने नहीं लग सकेंगी। बीते दिनों उक्त स्थल को पूरी तरह से तारबंदी कर सुरक्षित कर लिया गया है, ऐसे में अब उस स्थल क्षेत्र में किसी तरह की कब्जा कर दुकाने संचालित नहीं हो सकेगी। उल्लेखनीय मिनी स्टेडियम में विभिन्न आयोजन के दौरान उक्त स्थल पार्किंग के रूप में उपयोग होता है। उस स्थल को अब स्थाई रूप से घेराबंदी कर दिए जाने से सिर्फ पार्किंग की जरूरत के समय उपयोग किया जा सकेगा।

### केशव नगर में आदान सहायता राशि का विवरण

**सलका अघिना।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केशव नगर में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का वितरण किया गया। विकासखंड के 13221 धान बेचने वाले कृषकों के खाते में 60 करोड़ 91 लाख 5241 की राशि हस्तांतरण कृषकों के खाते में ऑनलाइन के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि स्वाति सिंह ने कहा कि कृषकों को समन्वित कृषि को भी अपनाया जाना चाहिए।

## बाईसागरपारा में गोबर के कंडे से जली होलिका

# होलिका दहन के बाद कल खेली जाएगी होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका जगह-जगह बनाकर 2 मार्च की रात्रि में शुभ मुहूर्त में दहन किया गया। होली के पर्व शहर के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लकड़ी की होलिका तैयार कर दहन किया गया।

वहीं शहर के भवानी तिगड्डा बाईसागरपारा में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी लकड़ी के साथ गोबर के कंडे की होलिका तैयार की गई, इसमें 1001 गोबर के कंडों का उपयोग किया गया, जिसका 2 मार्च की रात्रि में विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद बनाई गई होलिका जलाया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोगों ने होलिका के पूजा-अर्चना के दौरान शामिल हुए। वहीं शहर के ज्यादातर क्षेत्रों में लकड़ी की होलिका तैयार की गई थी और शुभ मुहूर्त में सभी जगहों के होलिका जलाई गई।

### आज चंद्रग्रहण कल मनेगी होली

अक्सर होली का पर्व होलिका जलाने के दूसरे दिन मनाई जाती है, लेकिन इस बार होलिका दहन के दूसरे दिन चंद्रग्रहण का साया होने के कारण होलिका के दूसरे दिन होली का पर्व नहीं मनाया जाएगा, बल्कि 4 मार्च को रंग गुलाल उड़ेंगे। कई वर्षो के बाद ऐसी स्थिति बनी है, जब होलिका दहन के दूसरे दिन होली नहीं मनाई जाएगी।

### साल का पहला चंद्रग्रहण आज

वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्रग्रहण 3 मार्च को लगेगा, इसके चलते होली का पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार 3 मार्च को अपरान्ह के समय चंद्रग्रहण शुरू हो रहा है,वहीं चंद्रग्रहण शुरू होने के 9 घंटे पहले सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। इस दौरान शुभ कार्य करना वर्जित रहता है, वहीं मंदिरों के पट भी भक्तों के लिए सूतककाल के दौरान बंद हो जाते हैं। जानकारी के अनुसार 3 मार्च को अपरान्ह चंद्र ग्रहण की शुरूआत होगी, ऐसे में सुबह से ही मंदिरों के पट बंद कर दिए जाएंगे और ग्रहण समाप्त होने के बाद खुलेंगे।



जाम में फंसे लोग।

## महलपारा-चिरमिरी चौक पर लगती है जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

होली पर्व के पूर्व बाजार में चहल-पहल काफी बढ़ गई है। भीड़-भाड़ के चलते शहर के चिरमिरी चौक के पास यातायात जाम की स्थिति बनती रही। सोमवार को अपरान्ह लगभग 4 बजे के बाद से चिरमिरी चौक पर वाहनों की कतार लगती रही, इसके चलते लोगों को यातायात जाम के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। यातायात पुलिस द्वारा जाम को दूर करने के लिए चौक पर खडेहोकर मशक्कत करते रहे।

- होली पर्व के कारण बढ़ी भीड़-भाड़

जानकारी के अनुसार शहर में खरीदी के लिए लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई, इसके चलते बाजार में भीड़-भाड़ बढ़ी है। अन्य त्यौहारों की तरह होली पर्व के पूर्व भी बाजार में लोगों की अधिक भीड़ खरीदी के लिए जुट रही है, इसके चलते शहर में जाम की स्थिति बनती रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी चिरमिरी चौक के पास होती है। सोमवार को अपरान्ह करीब 4 बजे चिरमिरी चौक पर जाम की स्थिति बनी रही, इसके चलते चौक से नगर पालिका कार्यालय तक एवं कुमार चौक से आगे तक दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई थी। वहीं चिरमिरी चौक से महलपारा मार्ग की ओर भी वाहनों की लाईन लगी थी। जाम को क्लीयर करने के लिए चौक पर मौजूद यातायात पुलिस काफी मशक्कत करते रहे, तब जाकर मार्ग से जाम की स्थिति खत्म होई। उल्लेखनीय है कि चिरमिरी चौक पर त्यौहारी सीजन एवं शहर में किसी बड़े परीक्षा के आयोजन के बाद अक्सर जाम की स्थिति बनती रहती हैं। संकरा चौक होने के कारण यहां पर सबसे अधिक यातायात जाम की स्थिति बनती रहती है, इसके अलावा साप्ताहिक बाजार दिवस भी चिरमिरी चौक पर जाम की स्थिति बनती रहती है।

### चिरमिरी चौक से आगे तक अक्सर जाम

जानकारी के अनुसार शहर के चिरमिरी चौक से महलपारा की ओर जाने वाली मार्ग पर अक्सर वाहनों की जाम की स्थिति बनती है, सबसे ज्यादा त्यौहार के समय एवं साप्ताहिक बाजार के दिन चिरमिरी चौक से भवानी तिगड्डा एवं आगे तक इस मार्ग में वाहनों की जाम की स्थिति बनती रहती है।

### महलपारा मार्ग का भी चौड़ीकरण जरूरी

शहर के चिरमिरी चौक से आगे महलपारा मार्ग का भी चौड़ीकरण की आवश्यकता है। शहर के पुराने व्यस्त मार्ग में से एक महलपारा मार्ग। चिरमिरी चौक से आगे महलपारा मार्ग पर आए दिन वाहनों की जाम की स्थिति चौक से लेकर आगे कुछ दूरी पर सड़क पर वाहनों की जाम लगते रहता है, ऐसे में इस मार्ग का चौड़ीकरण कार्य कराना सुरक्षित एवं सुगम यातायात के लिए जरूरी है।

## कोरिया पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण होली मनाने का दिया संदेश



सोमवार को शहर में फ्लैग मार्च करते पुलिस के जवान।

शांतिपूर्ण होली का पर्व मनाने का संदेश देने के लिए कोरिया एसपी रवि कुर्रे के निर्देश पर होली पर्व के पूर्व कोरिया पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे के नेतृत्व में करीब आधा दर्जन वाहनों में पुलिस जवानों ने हथियार लेकर शहर में सोमवार को अपरान्ह के समय फ्लैग मार्च निकाला जो लोगों को यह संदेश दे रहे हैं कि होली का पर्व भाईचारे व शांतिपूर्वक शालीनता के साथ मनाए पुलिस आपके साथ है और आप सुरक्षित है।

जानकारी के अनुसार कोरिया पुलिस का फ्लैग मार्च पुलिस लाईन से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो पर गुजरी सभी वाहनों में हथियारबंद जवान शांति का संदेश देते हुए गुजरे। जानकारी के अनुसार कोरिया पुलिस द्वारा लोगों से अपील भी की है कि होली का त्यौहार भाईचारे व शांतिपूर्वक तरीके से मनाए। होली पर किसी पर भी जबरजस्ती रंग न डाले खासकर महिलाओं का सम्मान व भावनाओं को ध्यान रखकर ही होली खेले।

### हुड़दंग किए तो जेल में मनेगी होली

पुलिस ने साफ कहा कि कि होली पर्व पर हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं, ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए जेल भेजने का काम करेगी। होली पर्व के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस की कई पेट्रोलिंग पार्टियां भ्रमण करेगी और किसी भी तरह के हुड़दंग होने की खबर पर तत्काल कार्रवाई करेगी।

## बसंत के मौसम में पलास के फूल बिखेर रहे अपनी सुदंरता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वनों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पलास के फूल खिलने लगे हैं। बसंत के मौसम में पलास के फूलों के बिना प्रकृति का श्रृंगार अधुरा रहता है। जब पूरे क्षेत्र में पलास के फूल पूरी तरह से खिल जाते हैं, तब प्रकृति का नजारा कुछ बेहद खूबसूरत दिखाई देता है। वहीं मान्यता है कि जब पलास के खिलने शुरू हो जाते हैं, तब यह संकेत होता है कि रंगों का पर्व होली आने वाली है। पलास जिसे टेशू भी कहा जाता है। जिले के ग्रामीण अंचल एवं वन क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, जिन पर इन दिनों फूल लगने शुरू हो गए हैं। आने वाले कुछ ही समय में जिले के सभी क्षेत्रों में स्थित पलास के पेड़ फूलों से लद जाएंगे, इससे पेड़ पर पत्तियां नहीं सिर्फ पलास के केशरिया फूल ही नजर आते हैं, जिससे वनों के बीच व ग्रामीण क्षेत्रों में पलास के पेड़ दूर से दहकते अंगारों की तरह दिखाई देती है।

कवियों ने भी पलास के फूलों को प्रकृति के श्रृंगार करने को लेकर अपनी रचनाओं में स्थान दिया है। इन दिनों जिले के ग्रामीण क्षेत्रों एवं वन क्षेत्रों में पलास के फूल खिलने लगे हैं, जिसका नजारा लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। वहीं पलास के फूलों का रस पक्षियों एवं मधुमक्खियों के लिए ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत भी बनता है।

### प्राकृतिक रंग भी होता है तैयार

पलास के फूल न केवल प्रकृति का श्रृंगार करता है वरन पलास के फूलों से प्राकृतिक केशरियॉ रंग भी तैयार किया जात है। बुजुर्गो के अनुसार पहले पलास के फूलों से रंग तैयार कर होली का पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों द्वारा मनाया जाता था, लेकिन अब तक यह कला कम हो गई है। विदित हो कि पलास के फलों से बनाइ जाने वाली रंग प्राकृतिक होने के कारण त्वचा को किसी तरह का नुकसान भी नहीं पहुंचाता, बल्कि त्वचा के लिए लाभकारी साबित होता है।

## होली की चढ़ी खुमारी...



**बैकुण्ठपुर।** रंगों का पर्व होली कल मनाई जाएगी। इसके पूर्व ही होली की खुमारी दिखने लगा। शहर के मुख्य मार्ग में शराब के नशे में मस्त व्यक्ति बेसुध होकर सड़क किनारे पड़ा रहा।

### आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 2438 ने दी परीक्षा

**बलरामपुर।** जिले में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले के कुल 11 केन्द्रों में आदिवासी विकास विभाग द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा का संचालन किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 2737 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 2438 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अपर कलेक्टर श्री आरएस लाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने एकलव्य आवासीय विद्यालय भेलवाडीह परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## सूर्यास्त के बाद छात्रों ने चंद्रमा, बृहस्पति और शनि ग्रह को नजदीक से देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय में छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, तार्किक सोच को प्रोत्साहित करने तथा खगोल विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया द्वारा किड्स वर्ल्ड पब्लिक स्कूल बैकुंठपुर में विशेष स्काई वाचिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में विद्यालय की सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने टेलीस्कोप के माध्यम से सूर्य के काले धब्बों सनस्पॉट का सुरक्षित अवलोकन किया। सूर्यास्त के बाद छात्रों एवं अभिभावकों ने चंद्रमा, बृहस्पति और शनि ग्रह को नजदीक से देखा। अंतरिक्ष के इन अद्भुत दृश्यों को देखकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। संस्था के सदस्य एवं शिक्षक अमरनाथ सिंह ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बताया कि सूर्य पर दिखाई देने वाले काले धब्बों को सनस्पॉट कहा जाता है। ये सूर्य की तीव्र चुंबकीय गतिविधि के कारण बनने वाले अपेक्षाकृत ठंडे क्षेत्र होते हैं, जिनका तापमान आसपास के भागों से कम होने के कारण वे काले दिखाई देते हैं। वहीं चंद्रमा के काले धब्बों को मारीया कहा जाता है, जो प्राचीन ज्वालामुखीय विस्फोटों से निकले लावा के ठंडा ⏭ शेष पेज 4 पर

## डकईपारा में तैयार उजाला से सजेगी हरित होली

# 11 महिलाओं ने तैयार किया 100 किलो से ज्यादा हर्बल गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम डकईपारा में उजाला महिला स्वसहायता समूह के कुल 11 सदस्यों ने इस बार होली पर प्राकृतिक रंगों से बाजार में खास पहचान बनाई है। महज 10 दिन पहले शुरू हुई पहल आज 100 किलो से अधिक हर्बल गुलाल के उत्पादन तक पहुंच चुकी है और निर्माण अभी भी जारी है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बिहान की महिलाओं द्वारा तैयार यह हर्बल गुलाल आनलाइन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्राकृतिक रंगों की खुशबू समेटते हुए बिहान समूह ने चुकंदर,



हल्दी, पलास, पालक, लाल भाजी, एसेंशियल ऑयल और नेचुरल फूड कलर से त्वचा के अनुकूल, खुशबूदार और पर्यावरण के लिए हितैषी हर्बल गुलाल तैयार किया है। रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों के बीच यह पहल सुरक्षित और हरित होली का नया संदेश लेकर बाजार में उपलब्ध है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि बाजार में विक्रय के लिए इसे 300 रूपए किलो की दर पर बेचा जा रहा है। आनलाइन इस हर्बल गुलाल की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। हर्बल गुलाल 300 रूपए प्रति किलो की दर से बेचते हुए मात्र दो दिनों में ही इस समूह ने 3,200 रूपए की आय अर्जित कर ली है। हर्बल गुलाल तैयार करने वाले समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्टाफ मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया।

प्रोडक्ट तैयार होने के बाद बाजार की मांग के अनुरूप सुंदर पैकेजिंग में बिहान स्टाफ ने समूह का सहयोग किया। इस कार्य की शुरूआत समूह ने आंतरिक ऋण लेकर की है। उनके आत्मविश्वास और उद्यमिता को बिहान की मदद से नया आयाम दिया गया है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### महिलाओं के उत्पाद लेकर मनाएं होली

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम पंचायत डकईपारा की महिलाओं के संकल्प, सहयोग और मेहनत से तैयार हर्बल गुलाल लेकर होली मनाने का आवाहन किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कोरिया वासी स्थानीय स्तर के उत्पाद लेकर गांव की नारी शक्ति के जीवन में आत्मनिर्भरता का नया रंग भर सकते हैं।

## 15,852 किसानों को मिली 64.31 करोड़ की आदान सहायता राशि



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के खड़गवां विकासखंड में सोमवार को कृषक उन्नति योजनांतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह सह कृषक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य प्रिया मसराम, जनपद सदस्य श्याम बाई मरकाम, वीरेन्द्र करियाम, धर्मपाल, रामप्रसाद गुप्ता, धनंजय पाण्डेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सरपंचगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर किसानों में विशेष उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। प्रदेश सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप होली पर्व ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### चिरमिरी में होली की पूर्व संध्या पर फिल्म प्रदर्शन



डोमनहिल। हल्दीबाड़ी क्षेत्र में सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शीतला मंदिर प्रांगण में होली की पूर्व संध्या पर विशेष सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। शीतला मंदिर समिति के तत्वावधान में मंगलवार की शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक धार्मिक एवं प्रेरणादायी फिल्म नरसिम्हा का सार्वजनिक प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। समिति के पदाधिकारी डॉ. गौतम विश्वास और प्रमोद सिंह ने बताया कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। इसी उद्देश्य से मंदिर परिसर में सामूहिक फिल्म प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है, ताकि सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठकर कार्यक्रम का आनंद ले सकें और आपसी संबंधों को मजबूत कर सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को जोड़ने वाले आयोजनों की आवश्यकता है, जहां लोग बिना किसी भेदभाव के एकत्रित होकर सकारात्मक संदेश ग्रहण करें। फिल्म नरसिम्हा में न्याय, साहस और धर्म रक्षा जैसे प्रेरक संदेश निहित हैं, जो समाज विशेषकर युवाओं और बच्चों को नैतिक मूल्यों की सीख देते हैं। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। मंदिर प्रांगण में बैठने की विशेष व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश और ध्वनि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि उपस्थित लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति ने स्थानीय नागरिकों, महिलाओं और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### मनेन्द्रगढ़ में शांति समिति की बैठक

मनेन्द्रगढ़। होली पर्व को लेकर शहर में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मनेन्द्रगढ़ में होली के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग या आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस की विशेष नजर रहेगी। थाना स्तर पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के नाम पर कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे होली का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। विशेष रूप से नशे का सेवन कर वाहन चलाने, सार्वजनिक स्थलों पर हुड़दंग करने तथा अशोभनीय व्यवहार से बचने की सलाह दी गई है। नशे में वाहन चलाने वालों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, जिसमें ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्रवाई की जाएगी। सोमवार देर रात शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में विधि-विधान से होलिका दहन संपन्न हुआ। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होलिका दहन किया।

### झगराखाड़ कन्या विद्यालय में पाक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम

# छात्राओं को बताया गुड टच-बैड टच और साइबर सुरक्षा का महत्व

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**



न्यायिक अधिकारियों ने दी कानूनी जानकारी छात्राओं को बताया गुड टच-बैड टच और साइबर सुरक्षा का महत्व मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के झगराखाड़ स्थित शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वी क्लब समर्पण की चेयरपर्सन वीरांगना श्रीवास्तव के नेतृत्व में पाक्सो एक्ट जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई और अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता दास, द्वितीय सत्र न्यायालय न्यायाधीश जिला एमसीबी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को पाक्सो एक्ट के प्रावधानों की सरल और स्पष्ट जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार की स्थिति में तुरंत शिकायत करने तथा कानून द्वारा प्रदत्त सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे मजबूत आधार है और विद्यालय स्तर पर ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं अजय विश्वकर्मा, डीएलबी अधिकार मित्र थाना मनेन्द्रगढ़ ने साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के उपाय बताए। इशिता श्रीवास्तव, आरक्षक थाना झगराखाड़ ने छात्राओं से संवाद करते हुए पाक्सो एक्ट के अंतर्गत आने वाले अपराधों की जानकारी दी और किसी भी अनुचित स्पर्श या व्यवहार की स्थिति में तुरंत भरोसेमंद व्यक्ति या पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। अंजनी यादव, पीएलबी अधिकार मित्र थाना झगराखाड़ ने गुड टच और बैड टच का व्यवहारिक प्रदर्शन कर छात्राओं को समझाया, जिससे बच्चियों को विषय को सहज तरीके से समझने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा को लेकर सजग रहना प्रत्येक बालिका का अधिकार और जिम्मेदारी है। वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती इंद्रा सेंगर ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें सुरक्षित भविष्य की दिशा में सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में वीरांगना श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुपमा सिंह ने किया। आयोजन में वी क्लब की सदस्य बबीता अग्रवाल, पम्मी अरोड़ा, मधु जैन, श्वेता पोद्दार, मीरा गुप्ता, मंजू अग्रवाल, रूपा पोद्दार सहित संकुल की शिक्षिकाएं रेखा पांडे, संध्या दास, साक्षी यादव, शांति यादव, अभिभावकगण और विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। जागरूकता से परिपूर्ण यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

# श्रमिकों के फेस ऑथेंटिकेशन से लग रही हाजिरी

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली एवं कमिश्नर मनरेगा तारण प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार पंजीकृत श्रमिकों के लिए चल रहे प्रत्येक कार्यस्थल पर 2 मार्च से फेस अथेंटिकेशन प्रक्रिया अपनाकर हाजिरी लगाने का कार्य आरंभ हो गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत तकनीकी के प्रयोग से पारदर्शिता की ओर आगे बढ़ते हुए जल्द यह पूरी योजना वीबी जी राम जी में उन्नत हो जाएगी। कोरिया जिले में 2 मार्च को सभी ग्राम पंचायतों में हो रहे कार्यों में संलग्न प्रत्येक श्रमिक की आनलाइन हाजिरी फेस अथेंटिकेशन प्रक्रिया के तहत की जा रही है। यह सभी निर्माण एजेंसियो के अंतर्गत कार्य कर रहे श्रमिकों के लिए भी अनिवार्य हो गई है।

आनलाइन पोर्टल पर श्रमिकों के दर्ज डेटा अनुसार कोरिया जिले के सभी 55 हजार पंजीकृत श्रमिक परिवारों के सत्यापन का कार्य कराया गया। सभी श्रमिकों को उनके आधार कार्ड और खाते के अनुसार ईकेवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कर सत्यापन का कार्य पूर्ण किया गया है। अब इन परिवारों के श्रमिकों को आज से प्रत्येक कार्यस्थल पर अपने फेस अथेंटिकेशन के माध्यम से हाजिरी लगाने की कार्रवाई से जोड़ लिया गया है। महात्मा गांधी नरेगा जो अब वीबी जी राम जी के उन्नत तौर पर लागू होने जा रही है, उसमें प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक के लिए उसके जॉब कार्ड का सत्यापन और नवीनीकरण के लिए ईकेवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया गया है। छग राज्य में 1 मार्च से लागू होने वाले नए नियमों के तहत केवल उन्हीं श्रमिकों के नाम मस्टररोल में शामिल किए जाएंगे, जिनका ईकेवाईसी पूर्ण हो चुका है।



### एनएमएमएस ऐप के जरिए डिजिटल हाजिरी

राज्य शासन के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार 1 मार्च से जारी होने वाले मस्टररोल में श्रमिकों की उपस्थिति एनएमएमएस ऐप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन (चेहरा प्रमाणीकरण) आधारित प्रक्रिया द्वारा ही दर्ज की जा रही है। प्रत्येक कार्यस्थल पर इस नई तकनीक के सफल क्रियान्वयन के लिए पूर्व से ही जिला और जनपद स्तर के प्रोग्रामर्स को विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर दिया गया और इन्होंने जिले में कार्यरत प्रत्येक तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, बीएफटी और मेट को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षित किया है। यह प्रक्रिया सभी निर्माण एजेंसियों में चल रहे कार्यों में भी अनिवार्य तौर पर लागू कर दी गई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में लागू फेस अथेंटिकेशन हाजिरी के बारे में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि वीबीजीरामजी के उन्नत स्वरूप में आगे बढ़ती हुई इस योजना में तकनीकी के प्रयोग से पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सभी कार्यक्रम अधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक श्रमिक का ईकेवाईसी पूर्ण रखें, जिससे कोई भी श्रमिक कार्य की मांग से वंचित ना हो। उन्होंने बताया कि इस तरीके को अपनाने से श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान पाने में आसानी होगी।

# होली-रमजान को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक

**हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी**

होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना चरचा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र के दोनों समुदायों के प्रमुख सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच और पंच काफी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में शांति, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी प्रेम, त्याग और सद्भाव का संदेश देते हैं। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में तर्रा बसेर, जगतपुर, नगर, रटगा, उमझर, जूनापारा, बिशुनपुर, फूलपुर, खरवत, सरडी, चेरवापारा एवं आमगांव ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए और अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, तहसीलदार अंकिता सौम, उप पुलिस निरीक्षक अनिल सोनवानी, पार्षद प्रदीप तिवारी, कुंडल साय, संजय देवांगन, धर्मपाल, सचिन मलिक, राजेन्द्र पाल, पत्रकार अंकित अग्रवाल, प्रभात दास, अनिल सिंह, रामाधार सहित अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पदाधिकारी मो. शराफत अली, मो. कमालुद्दीन अंसारी, सैनूल एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन ने मीडिया के माध्यम से आमजन को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि होली पर्व के दौरान मिलावटी रंग और गुलाल का प्रयोग न करें, जिससे स्वास्थ्य संबंधी नुकसान की आशंका रहती है। सार्वजनिक स्थानों पर मुखौटा पहनकर घूमने पर प्रतिबंध रहेगा।



### होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



डोमनहिल। होली पर्व एवं पवित्र रमजान माह को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में नगर महापौर रामनरेश राय, एसडीएम विजेन्द्र सारथी और थाना प्रभारी विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे त्योहारों को आपसी प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ संदेशों से दूर रहें। थाना प्रभारी विजय सिंह ने स्पष्ट कहा कि त्योहार खुशियों का अवसर होते हैं, न कि अशांति फैलाने का माध्यम। उन्होंने चेतावनी दी कि जबरन रंग लगाने, हुड़दंग मचाने, नशे की हालत में वाहन चलाने, डीजे की समय-सीमा का उल्लंघन करने, अश्लील हरकतें करने या सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, नियमित पेट्रोलिंग और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर एल्कोमीटर से जांच की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रमजान माह को ध्यान में रखते हुए नमाज के समय विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। शांति भंग करने, अफवाह फैलाने या साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कठोर धाराओं में प्रकरण दर्ज किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित समाज प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# नवीन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

राष्टीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में विज्ञान संकाय द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करना तथा छात्राओं को विज्ञान के महत्व से अवगत कराना रहा।

विदित हो कि राष्टीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्टीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें प्राणीशास्त्र, रसायन शास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र विभाग की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी में प्लास्टिक रिसाइक्लिंग मॉडल, वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट वर्किंग मॉडल, डिस्टिलेशन ऑफ वॉटर वर्किंग मॉडल, सौर मंडल, पियूष ग्रंथि, थायरॉयड ग्रंथि एवं एड्रिनल ग्रंथि से संबंधित आकर्षक विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। विज्ञान संकाय के साथ-साथ कला एवं वाणिज्य संकाय की छात्राओं ने भी मॉडलों का अवलोकन कर उनकी उपयोगिता को समझा। कार्यक्रम का निरीक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रंजना नीलिमा कच्छप ने समस्त स्टाफ के साथ किया। उन्होंने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान को जानना और समझना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही प्रगति का आधार है। हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती कनकलता पैकरा ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उनके द्वारा तैयार किए गए मॉडलों की प्रशंसा की। विज्ञान मॉडलों के निर्माण में श्रीमती सविता पैकरा, डॉ. ऋचा श्रीवास्तव एवं सुश्री मेघा डाहिरे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा श्रीवास्तव ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुश्री मेघा डाहिरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ भारत सिंह, श्रीमती कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. रिचा श्रीवास्तव बिक्की राम, विनय गुप्ता, विजय कुमार, मो. अमजद, सुश्री रिचा चेलकर, सुश्री मेघा डाहिरे, श्रीमती सविता पैकरा, सुश्री दीप्ती केरकेट्टा, विपिन सिंह, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, भागवत प्रसाद साहू, सुश्री खुशबू, सत्येन्द्र पैकरा, बिनयामिन लकड़ा, चुन्नू, श्रीमती राजेश्वरी सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



### 32 मोतियाबिंद मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

अकलतरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में मोतियाबिन्द नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विकासखंड के 45 मरीज जांच कराने के लिए पहुंचे। इनमें से 32 मरीजों को ऑपरेशन के लायक पाया गया जिन्हें गणेश विनायक चाम्पा व जुनेजा आई हॉस्पिटल बिलासपुर ऑपरेशन हेतु भेजा गया। अन्य मरीजों को ब्लड प्रेशर शुगर की बीमारी के कारण मेडिकल ऑफिसर से परामर्श करके मरीज को दवाई दी गई। जिन मरीजों को ऑपरेशन के लिए पत्र नहीं पाया गया उन्हें आगामी नेत्र शिविर हेतु मरीज को आने को कहा गया। नेत्र शिविर कार्यक्रम में विकासखंड अकलतरा के नेत्र सहायक अधिकारी आर के यादव, प्रीतेश सिंह चंदेल , डी आर भारते, सत्यजीत कुर्रे, बबिता पाटले व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे।

# 3 दुकानों में लगी आग, सारा सामान जलकर राख

**जांजगीर-चांपा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कचहरी चौक के पास देर रात तीन ठेला दुकानों में भीषण आग लग गई। इस घटना में तीनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं, जिससे लाखों रुपए का सामान नष्ट हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुई। आग की चपेट में कोलड्रिंक की दुकान, मुर्रा की दुकान और गन्ने के रस की दुकान आ गईं। दुकान संचालकों को इस आगजनी से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है। हालांकि होली पर्व से ठीक पहले हुई इस घटना को देखते हुए असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।



## पृष्ठ 1 का शेष

### सूर्यास्त के बाद...

होकर मैदान बनने से बने स्थायी भू-आकृतिक संरचनाएं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूर्य के धब्बे अस्थायी और गतिशील होते हैं, जबकि चंद्रमा के धब्बे स्थायी होते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने ब्रह्माण्ड, सौरमंडल और ग्रहों से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। प्रोजेक्टर के माध्यम से ब्रह्माण्ड पर आधारित कॉसमॉस मूवी भी प्रदर्शित की गई, जिससे विद्यार्थियों को अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने में सहायता मिली। जिला संयोजक एवं व्याख्याता कमल डडसेना ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में वैज्ञानिक चेतना को मजबूत करती हैं और समाज में व्याप्त अंधविश्वास एवं भ्रांतियों को दूर करने में सहायक होती हैं। उन्होंने भविष्य में जिले के अन्य विद्यालयों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं तथा संस्था के सदस्य ललित, नवीन और संध्या की सक्रिय उपस्थिति रही। पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति नई जिज्ञासा और उत्साह का संचार किया।

### 11 महिलाओं ने...

महिलाओं द्वारा तैयार किया गया यह गुलाल स्थानीय बाजार में जिला मुख्यालय में बैकुंठपुर नगरपालिका के पास तथा संयुक्त जिला कार्यालय के समीप स्थित कोरिया मिलेट्स कैफे के सामने स्टाल में उपलब्ध है। साथ ही इसे कोरिया अमृत डाटकाम वेबसाइट के माध्यम से भी आनलाइन प्राप्त किया जा सकता है।

### 15,852 किसानों को...

से पहले राज्य के अन्नदाताओं को 10 हजार 324 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित कर दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड स्थित रहंगी खेल मैदान में आयोजित वृहद किसान सम्मेलन से राज्य के 25 लाख 28 हजार किसानों को यह राशि जारी की। इसी क्रम में एमसीबी जिले के तीनों विकासखंड मनेन्द्रगढ़, भरतपुर और खड़गवां में एक साथ कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को लाभान्वित किया गया। एमसीबी जिले में लगभग 49 हजार कृषक करीब 46 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खेती करते हैं, जिनमें से लगभग 33 हजार 840 हेक्टेयर में धान की खेती की जाती है। खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले पंजीकृत किसानों को शासन द्वारा घोषित दर के अनुसार 731 रूपए प्रति क्विंटल की अंतर राशि आदान सहायता के रूप में डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। इससे भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता और त्वरित सुविधा सुनिश्चित हुई है। जिले के कुल 15 हजार 852 किसानों को 64 करोड़ 31 लाख 69 हजार 326 रूपए 60 पैसे की राशि प्रदान की जाएगी।

# महिला से ठगी कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा**

मदद के नाम पर बुजुर्ग महिला को झांसा देकर सोने की माला एवं नगदी रकम ठगने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से सोने की माला बरामद कर ली गई है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरिसया थाना जैजैपुर निवासी श्रीमती लक्ष्मीन बाई चंद्रा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 7 फरवरी को चांपा अस्पताल में अपने पति को भर्ती कराकर ईलाज करा रही थी। इसी बीच 9 फरवरी को सुबह एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और रिश्तेदार होने की बात कहते हुए विश्वास मे लेकर जहर खाने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से 6 लाख रूपये नगद पैसा दिलाने की बात कही। इस पर महिला उसके झांसे में आ गई और भारतीय स्टेट बैक ले जाकर फार्म भरने के लिए 6500 रूपये दे दिए। थोडी देर बाद आकर उक्त व्यक्ति ने महिला वजन कराने की बात कहकर उसका सोने का माला और पर्स रख लिया। इसके बाद उक्त व्यक्ति वहां से गायब हो गया। मामले में महिला ने चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने धारा 318(4) कायम कर विवेचना में लिया। सीसीटीवी फुटेज एवं संदेह के आधार पर संदेही हरिशंकर उर्फ राहुल डेंसिल की पतासाजी कर संदेही को तलब कर पुछताछ की गई। राहुल ने प्रार्थीया को 6 लाख रूपये पैसा दिलाने का झांसा देकर सोने का 13 फर वाला माला एवं पर्स मे बचे 13500 रूपये तथा टच वाला मोबाईल ले जाना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी हरिशंकर ऊर्फ राहुल डेन्सिल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

स्वामी जी 9340638884
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुखमणी मंदिर, त्रयम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिंगनापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक: 28 मार्च, 2026; 04 अप्रैल, 2026; 04 जून, 2026; 14 जून, 2026; 29 जुलाई, 2026; 11 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹ 21,500/- ऑफर ₹ 18,500/- 3AC ₹ 32,500/- ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त